(दस्ती)

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, दूदू जिला जयपुर

क्रमांक /राजस्व/2019/1972

दिनांक :- 24/12/19

श्रीमान अति० कलक्टर प्रथम महोदय
एवं प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा,
जयपुर

विषय :- प्रार्थना पत्र श्री पृथ्वीसिंह निवासी जयपुर बाबत ग्राम झरना तह० मौजमाबाद स्थिति खसरा नं० 980, 1120/890/1 कुल रकबा 15175.60 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ संपरिवर्तित भूमि के भू उपयोग की अवधि बढाने बाबत।
प्रसंग:- श्रीमान के पत्रांक आर-18 बी(109)06/आर/3523 दिनांक 30.07.2019

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्र के संदर्भ में तहसीलदार मौजमाबाद से रिपोर्ट चाही गयी। तहसीलदार मौजमाबाद की रिपोर्ट अनुसार आवासीय प्रयोजनार्थ संपरिवर्तित भूमि के भू उपयोग की अवधि बढाने बाबत जमाबंदी संवत् 2074-77 (वर्ष 2019 ता स्थाई) के खाता संख्या 244 में खसरा नं० 1618 रकबा 0.91 है० एवं खसरा नं० 1966/1619 रकबा 0.54 है० कुल किता 02 कुल रकबा 1.45 है० भूमि किस्म आवासीय प्रयोजनार्थ मैसर्स पंचशील कॉलोनाइजर्स प्रा० लि० जरिये निदेशक जुगलकिशोर अग्रवाल पुत्र विठ्ठलदास अग्रवाल जाति महाजन निवासी 22, भृगुनगर, प्रथम तल सिद्धि विनायक काम्प्लेक्स, डीसीएम, अजमेर रोड जयपुर के नाम दर्ज रिकार्ड है। जमाबंदी की नकल संलग्न है। मुताबिक मिलान क्षेत्रफल ग्राम झरना के साबिक(पुराने) खसरा नं० 980 रकबा 0-05 बीघा के नये खसरा नं० 1750 रकबा 0.06 है० तथा साबिक खसरा नं० 1120/890 मिन रकबा 5-15 बीघा के नये खसरा नं० 1618 रकबा 0.91 है० एवं खसरा नं० 1966/1619 रकबा 0.54 है० बने है। मिलान क्षेत्रफल संलग्न है।

1. प्रसंगत खसरा का दिनांक 09.09.2019 से प्रभावी डीएलसी दर 6,56,375 रू० प्रति बीघा है। डीएलसी की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
2. प्रसंगत खसरा नंबरान 1618 व 1966/1619 में मौके पर ग्रेवल सड़क डाल कर प्लाटिंग की गयी है। अन्य कोई निर्माण मौके पर नहीं है। राजस्व अभिलेख के अनुसार उक्त खसरा नम्बरान पर किसी न्यायालय का कोई स्थगन/वाद-विवाद नहीं है।